an>

Title: Need to give remunerative price to onion growers and set up godowns for onion storage in the country.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): महोदय, किसानों की समस्या आपके माध्यम से सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र सीकर तथा आसपास के क्षेत्र में किसान बड़ी संख्या में प्याज उगाता है। आपको ध्यान होगा कि गत दिनों में प्याज का भाव पचास रुपये प्रति किलो तक गया था, लेकिन अभी मेरे क्षेत्र में पांच-छः रुपये प्रति किलो का भाव है। उसका कारण यह है कि सरकार किसान का प्याज नहीं खरीदती है और वहां मंडी का अभाव है। जबकि सीकर जिले के रसीदपुरा में मंडी स्वीकृत हो चुकी है। मेरा निवेदन है कि सरकार किसान के हित में और पब्लिक के हित में प्याज की खरीद करे ताकि किसान को भी उचित मूल्य मिले और आगे चलकर प्याज का अभाव न हो और उसका भंडारण किया जा सके। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Chandra Prakash Joshi and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sumedhanand Saraswati.